**Title: Regarding resolution of problems faced by farmers in Rajasthan-Laid.**

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली):** वर्ष 2018 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में राज्य की वर्तमान सरकार द्वारा घोषणापत्र में वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद किसानों के सभी ऋणों को पूरी तरह से माफ करने की कार्रवाई करेगी, लेकिन घोषणा के अनुरूप किसानों का ऋण माफ नहीं किया गया।

एक तरफ आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व की सरकार ने किसान कल्याण में सुधार और कृषि क्षेत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें आय बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और फसल बीमा प्रदान करने की विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की है और दूसरी तरफ राजस्थान राज्य सरकार में किसान पिछले 4 साल से कर्ज न चुका पाने, यूरिया और बिजली की कमी और एमएसपी पर फसल नहीं खरीदने की समस्या से जूझ रहे हैं ।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने किसानों की समस्याओं को समझा है, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि के तहत हर साल देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिलती है। राजस्थान के भी लगभग 77 लाख किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

इसके अलावा केंद्र सरकार ने राजस्थान के लिए 12 लाख मीट्रिक टन यूरिया स्वीकृत किया, लेकिन राजस्थान सरकार सही तरीके से आवंटित नहीं कर पायी।

मेरा माननीय कृषि, एवम वित मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे प्रदेश के राजस्थान के किसानो की ऋण माफी एवं इससे संबंधित किसानों को आ रही समस्याओं पर जांच कर तुरंत प्रभाव से राज्य सरकार को निर्देशित कराये ।